नकली पेंट बनाने वाले को किया गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, जौनपुर : नकली पेंट बनाने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 535 खाली बाल्टी, 480 हैंडिल, 514 ढक्कन व 512 एशियन पेंट का नकली स्टीकर बरामद हुआ। धोखाधड़ी समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया। कंपनी के अधिकारियों ने नकली पेंट बनाकर बेचने की शिकायत पुलिस से की थी। जांच-पड़ताल में पता चला कि लाइन बाजार के मियांपुर के बख्तीयर अपने घर से ही नकली पेंट बनाने का कारोबार कर रहा है। इसके बाद थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने पुलिस कर्मियों के साथ शाम सात बजे दबिश दी। इस दौरान बख्तीयर को नकली पेंट बनाते पकड़ लिया। इस दौरान सैकड़ों नकली स्टीकर व कई खाली डिब्बे समेत अन्य सामान बरामद किया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा. संजय कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई आपरेशन पाताल लोक अभियान के तहत की गई है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/jaunpur-police-arrested-fake-paint-maker-22764787.html